# गहलोत ने जहां-जहां प्रचार का झंडा थामा, वहां-वहां कांग्रेस धराशायी : मदन राठौड़

## गुजरात, महाराष्ट्र के बाद अब बिहार में भी चुनाव हारेगी कांग्रेस : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

**जयपुर** (कासं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर कटाक्ष करते हुए कहा कि"जहां-जहां अशोक गहलोत ने चुनावों में प्रचार का झंडा थामा, वहां-वहां कांग्रेस का झंडा नीचे गिरा और कांग्रेस की बुरी तरह पराजय हुई। अशोक गहलोत गुजरात गए, वहां हार गए, वे महाराष्ट्र गए वहां हार गए और अब बिहार में अपनी पार्टी के प्रचार के लिए जा रहे है तो वहां भी हार निश्चित ही है।"

राठौड़ ने कहा कि अशोक गहलोत की छिद्रान्वेषण की आदत है, यही कारण है कि अब उनका असली मुकाबला कांग्रेस के ही नेताओं से हो रहा है। पहले उन्होंने अपने ही सहयोगी सचिन पायलट को हाशिए पर डाला और अब पार्टी के भीतर ही नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली से सीधी प्रतिस्पर्धा हो रही है। इससे यह साफ हो गया है

- **गहलोत की छिद्रान्वेषण की आदत, अपने ही नेताओं को पहुंचा रहे है हाशिए पर, पायलट के बाद अब टारगेट जूली : मदन राठौड़**

कि कांग्रेस अब आंतरिक कलह, गुटबाजी और नेतृत्वहीनता के भंवर में फंस चुकी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि गहलोत जनता को गुमराह करने के बजाय आत्ममंथन करें कि आखिर उसके वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी भी अब पार्टी की हार का कारण क्यों बन रही है। अशोक गहलोत आज भी केवल सत्ता के समीकरण बनाने में लगे हैं, जबकि जनता विकास, कानून-व्यवस्था और पारदर्शिता चाहती है , यह केवल भारतीय जनता पार्टी दे रही है।

अंता विधानसभा उपचुनाव पर राठौड़ ने कहा कि जिस दिन उनके उम्मीदवार चुनाव हारे, उसी दिन से वे इस प्रयास में जुट गए कि कैसे बिल्ली के भाग का छीका टूटे और मलाई उन्हें मिल जाए। कांग्रेस नेताओं की पूरी राजनीति केवल सत्ता की मलाई के इर्द-गिर्द घूमती है, जनसेवा उनके एजेंडे में कहीं नहीं है। कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है, वहां डिक्टेटरशिप चलती है, कोई भी स्वयं को उम्मीदवार घोषित कर देता है और पार्टी केवल मजबूरी में नाम पर मुहर लगाती है। इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी में जनअपेक्षाओं के अनुरूप, सर्वेक्षणों एवं विचार-मंथन के बाद ही उम्मीदवार तय किए जाते हैं। हमारी कोर कमेटी व्यापक विचार-विमर्श कर जनता के हित में निर्णय लेती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था चाक-चौबंद है, अपराधियों पर तुरंत कार्रवाई होती है, महिला पुलिस को साधन-सुविधा प्रदान की जा रही है और थानों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया गया है। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के शासनकाल में अपराधियों को थानों से छुड़ाया जाता था, पुलिस पर हमले होते थे, वहीं भाजपा सरकार में पारदर्शिता, सुशासन और भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन की नीति लागू की गई है। महंगाई के मुद्दे पर राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस काल में महंगाई दर 9.8 प्रतिशत थी, जो भाजपा शासन में घटकर 1.9 प्रतिशत पर आ गई है। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य उनकी उपज से दोगुना दिया जा रहा है, पर कांग्रेस को इसमें कोई अच्छाई नहीं दिखती।

## बदमाशों ने की युवक पर फायरिंग

**जयपुर।** खोह-नागोरियान थाना क्षेत्र में शनिवार रात उस समय सनसनी फैल गई जब आधा दर्जन बदमाशों ने एक युवक पर फायरिंग कर दी। कार से आए बदमाशों ने डंडे से युवक को पीटने के बाद फायर किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस ने हमलावरों की तलाश में नाकाबंदी करवाई, लेकिन कार सवार बदमाशों का सुराग नहीं लगा। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि करौली के रहने वाले बृजराज मीना (30) के पैर में गोली मारी गई है। जो शनिवार की देर शाम को अपने दो दोस्तों के साथ रिद्धी-सिद्धी एसबीआई के पास सोया चाप खाना आया था। सोयाचाप दुकान के बाहर खड़े होने के कारण चार-पांच लड़कों ने उस पर हमला कर दिया। डंडे से मारपीट कर उसके रोड पर गिरा दिया। उसके बाद देसी कट्टे से बृजराज मीणा के पैर में गोली मार दी। खून से लथपथ हालत में चिल्लाने पर लोगों को इकट्ठा होते देखकर बदमाश भागे। हमलावर थोड़ी दूर पर खड़ी कार में बैठकर फरार हो गए।

## सार-समाचार

### डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग 21 नवंबर से




**जयपुर** । डॉक्टर्स व उनके परिवारजनों के बीच लोकप्रिय डॉक्टर्स प्रीमियर लीग के सातवें सीजन का आगाज़ आगामी 21 नवंबर को होगा। यह लीग मैच स्पोफिट अकेडमी में 30 नवंबर तक खेले जाएंगे। डीबीएल संयोजक डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि प्रतियोगिता का प्रारूप तैयार किया गया है, जिसमें पुरुष, महिला, किड्स वर्ग टीम इवेंट, दबंग और मलंग डबल्स, ट्रायो चैंपियन, बैडमिंटन जोड़ी ऑफ ईयर आयोजित की जायेगी। डीबीएल के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. अनिल यादव ने बताया कि पुरुष वर्ग के कॉर्डिनेटर डॉ. दिलीप गुप्ता, डॉ. श्रवण और डॉ. मनीष जैन होंगे व महिला वर्ग के कॉर्डिनेटर प्रेम चौधरी, डॉ. रश्मि डॉ.सतपाल यादव होंगे। बच्चों की प्रतियोगिता के कॉर्डिनेटर डॉ. निधि पुनिया व डॉ. नफीस होंगे। बॉयज़ केटेगरी के कॉर्डिनेटर डॉ. गजेंद्र सिंह और शंकर होंगे। आयोजन सचिव डॉ. हनुमान खोजा ने बताया कि इस बार नवाचार के रूप में प्रथम बार डीबीएल फ़न गेम्स का आयोजन किया जाएगा। साथ ही ट्रायो चैंपियनशिप व डीबीएल कपल ऑफ़ दि ईयर भी आयोजित की जाएगी। मोनिका शर्मा व डॉ अजित जैन इसके कॉर्डिनेटर होंगे । लीग के जॉइंट ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सुधांशु शर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट के फॉर्मेट के अनुसार इसमें सीनियर टीम इवेन्ट जूनियर्स टीम इवेंट, किड्स टीम इवेंट हर साल की तरह आयोजित की जाएंगी । लीग कोर्डिनेटर डॉ. रवींद्र गोठवाल ने बताया कि ओपन इवेंट में डबल्स के दबंग, मलंग और लीजेंड्स कैटेगरी की प्रतियोगिता होगी । टूर्नामेंट के लिए प्रतियोगियों की प्रविष्टियां आमंत्रित कर ली गई हैं तथा 12 अक्टूबर को इस प्रतियोगिता के खिलाड़ियों के ट्रायल होंगे।

### समारोह में किया वरिष्ठजनों का सम्मान



**जयपुर** । उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के दिशा-निर्देश में वार्ड 25 के पार्षद सुरेश जांगिड़ द्वारा वरिष्ठ जन सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वार्ड के सभी वरिष्ठ नागरिकों एवं बड़े-बुजुर्गों का जय श्रीराम के दुपट्टे और भगवान श्रीराम के चित्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वरिष्ठजनों ने पार्षद सुरेश जांगिड़ को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके जनसेवा कार्यों की सराहना की। समारोह में सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश जे.पी.शर्मा, सेवानिवृत्त एडीपी के.के.जोशी, सुरेंद्र सिंह (सेवानिवृत्त डी.एस.ओ.), कल्याण दत्त शर्मा, देवकीनंदन, सज्जन सिंह, जगदीश कुमावत, वैद्य सत्यनारायण त्रिवेदी, बनवारी लाल, एस.एन. सोनी, रामगोपाल जांगिड़, सीताराम शर्मा (सेवानिवृत्त ए.ए.ओ.), जे.पी. अग्रवाल, कैलाश लता, सुरेश कुमार, बालचंद सैनी, कैलाश शर्मा एवं राजेंद्र पालीवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में हरिओम जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने वरिष्ठजनों के सम्मान को समाज की सच्ची संस्कृति बताया और पार्षद सुरेश जांगिड़ के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।


### मंदिर लूटकांड के बदमाशों की परेड निकाली

**जयपुर।** माणकचौक थाना पुलिस ने बड़ी चौपड़ स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में हुई लूट के प्रयास की वारदात का खुलासा करने के बाद शनिवार को आरोपियों की पैदल परेड कराई। थानाधिकारी राकेश ख्यालिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों को माणक चौक थाना से लेकर बड़ी चौपड़ स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर तक पैदल जुलूस के रूप में ले जाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया। यह वही स्थान था, जहां 1 अक्टूबर को बदमाशों ने चोरी और लूट का प्रयास किया था। पुलिस ने जिन आरोपियों को पकड़ा है, उनके नाम मुईनुद्दीन, इकराम, अफसार उर्फ आधा किलो और अयाज बताए गए हैं। बाजार में जब पुलिस बदमाशों को पैदल लेकर पहुंची तो देखने वालों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने पुलिस के इस कदम की खुले दिल से सराहना की और कहा कि ऐसे कड़े कदम अपराधियों में कानून का भय बढ़ाते है। थानाधिकारी ख्यालिया ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और उनके अन्य आपराधिक मामलों की भी जांच जारी है।

### सीकर रोड पर लाइटिंग आज से

**जयपुर** । दीपोत्सव के उपलक्ष्य में सीकर रोड व्यापार महासंघ द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य लाइटिंग, सजावट एवं प्रवेश द्वार का सुंदर निर्माण किया गया है। इस विशेष आयोजन का शुभारंभ रविवार शाम 6:30 बजे उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा किया जाएगा। महासंघ के अध्यक्ष दिनेश मित्तल ने बताया कि इस बार दीपावली को लेकर सीकर रोड को विशेष रूप से सजाया गया है। चोमू पुलिया से लेकर 14 नंबर तक पूरी सड़क को रंग-बिरंगी आकर्षक लाइटों, झिलमिल सजावटों और पारंपरिक दीपों की श्रृंखलाओं से रोशन किया गया है। जगह-जगह आकर्षक सेल्फी पॉइंट्स, पारंपरिक स्वागत द्वार और झिलमिलाती झालरों से पूरा मार्ग एक उत्सवमय दृश्य प्रस्तुत कर रहा है।

### टांक महिला क्लब में करवा चौथ का उत्सव



**जयपुर** । टांक महिला क्लब की ओर से करवा चौथ का त्योहार जवाहर सर्किल के पास गोकुल वाटिका मनाया गया। सभी महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों से पूजा-अर्चना कर चौथ माता की कथा सुनी। सभी महिलाएं सज सवर कर शाम को चांद देख पूजा की। चांद देख पानी का अग्र देकर पूजा संपन्न की इसी के साथ पति की लंबी उम्र की कामना की। महिलाओं ने गेम्स खेले, कैटवॉक किया और एक-दूसरे को बधाइयां दीं। क्लब के सदस्य मंजुला,अंजना ,ममता, आस्था, मुस्कान टाक ने बताया कि करवा चौथ का व्रत सिर्फ धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि पति-पत्नी के रिश्ते में प्यार, आस्था और विश्वास का प्रतीक है। क्लब की सभी महिलाओं ने बताया कि वे हर त्योहार को इसी तरह एक साथ मनाती हैं।

### परिचय सम्मेलन 16 नवम्बर को

**जयपुर,** (कासं)। राजस्थान ब्राह्मण महासभा का प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 16 नवम्बर 2025 को ब्रज किरण कन्या छात्रावास सेक्टर-3, मालवीय नगर जयपुर में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जायेगा। परिचय सम्मेलन को लेकर मोती डूंगरी गणेशजी को निमंत्रित किया गया। इस दौरान प्रदेश एवं जयपुर महानगर पदाधिकारियों सहित जयपुर शहर के सभी इकाई अध्यक्ष मौजूद रहे। परिचय सम्मेलन के संयोजक हनुमान सहाय शर्मा ने बताया कि पंजीयन फार्म प्रदेश फदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों सहित जयपुर में म.न. 106 प्रेमनगर आगरा रोड जयपुर में सुबह 8 से 11 बजे तक तथा ब्रज किरण कन्या छात्रावास सेक्टर-3, मालवीय नगर जयपुर में सायं 2 से 5 बजे तक फार्म प्राप्त किये जा सकते हैं। परिचय सम्मेलन में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन फार्म 5 नवम्बर तक भरकर कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य है।

# सुमंगल दीपावली मेला बना आकर्षण का केन्द्र

## पारंपरिक शिल्प, परिधान, उपहार हैम्पर्स और स्थानीय व्यंजनों का संगम है यह मेला

**जयपुर** (कासं)। ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) तथा राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित "सुमंगल-दीपावली मेला 2025" में इस वर्ष राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए पारंपरिक उत्पाद, शिल्प, परिधान, त्योहारी उपहार और खाद्य सामग्री विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए है। जयपुर के जे.एल.एन. रोड स्थित इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में यह मेला 1 अक्टूबर से शुरू हुआ था, जो कि 12 अक्टूबर तक जारी रहेगा। इसमें राजीविका के स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्य 70 से अधिक स्टॉलों पर अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय कर रही हैं।



मेले में पर्यावरण अनुकूल एवं सतत उत्पादों की समृद्ध विविधता प्रदर्शित की जा रही है। गोबर से निर्मित फूलदान, दीये, वॉल हैंगिंग, राधा-कृष्ण पेंटिंग जैसी कलाकृतियाँ, अपशिष्ट कपड़ों से बनाए गए सॉफ्ट टॉयज़ एवं की-चेन, जूट से बने टिफिन बैग, बॉटल बैग व फोल्डर आगंतुकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। ये उत्पाद ग्रामीण नवाचार एवं पर्यावरण संरक्षण के उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

राजस्थान की समृद्ध वस्त्र एवं परिधान परंपरा भी मेले का मुख्य आकर्षण है। कॉटन से बने राजपूती सेट, एप्लिक (कटवर्क) सूट, बांधणी और अज्रक प्रिंट के सूट-दुपट्टे, राजपूती पोशाकें, ऊन से बने शॉल व जैकेट, पारंपरिक पट्टू और बर्दी शॉल, बच्चों के परिधान, संगानेरी व बगरू प्रिंट जैसे वस्त्र न केवल परंपरा को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं, बल्कि ग्रामीण महिला उद्यिमता की सशक्त झलक भी दिखा रहे हैं।

मेले में ब्लू पॉटरी, टेराकोटा और ब्लैक पॉटरी जैसे पारंपरिक मिट्टी शिल्प भी विशेष रूप से प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इनमें फ्लॉवर पॉट्स, वासेज़, दिया स्टैंड, गणेश वॉल हैंगिंग, फाउंटेन, हांडी, कॉफी-टी कप, टेप मटका और बोतलें जैसी वस्तुएँ शामिल हैं, जो राजस्थान की लोककला और शिल्पकला की विविधता को एक मंच पर प्रस्तुत करती हैं।

इस वर्ष मेले में त्योहारी उपहार हैम्पर्स भी प्रमुख आकर्षण हैं, जिन्हें स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों द्वारा तैयार किया गया है। 650 से 3000 की मूल्य श्रेणी में उपलब्ध ये हैम्पर्स पारंपरिक कला, आधुनिक साज-सज्जा और ग्रामीण सृजनशीलता का अनूठा संगम हैं, जो कॉर्पोरेट व त्योहारी गिफ्टिंग के लिए एक प्रभावी विकल्प बन रहे हैं।

पारंपरिक लोक कला एवं चित्रकला जैसे मंडला, मंडना, बनी ठनी, पिचवाई और हैंड पेंटिंग की प्रदर्शनी भी मेले में विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, जो ग्रामीण महिला कलाकारों की सूक्ष्म कलात्मकता और रचनात्मकता को दर्शाती है। स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों से सजा फूड कोर्ट आगंतुकों को ग्रामीण स्वाद का अनूठा अनुभव प्रदान कर रहा है। मेले में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आगंतुक पहुँच रहे हैं और ग्रामीण उत्पादों के प्रति गहरी रुचि एवं उत्साह प्रदर्शित कर रहे हैं।

# हैरिटेज नगर निगम के पट्टे निरस्त करने वाले आदेश पर हाईकोर्ट ने रोक लगाई

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर शहर के बस्सी सीतारामपुरा में हैरिटेज नगर निगम की ओर से कई सालों से रह रहे प्रार्थियों को पूर्व में जारी किए भूखंडों के पट्टों को निरस्त करने वाले 13 सितंबर के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। वहीं मामले में प्रार्थियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने के लिए कहा है। जस्टिस संजीत पुरोहित ने यह आदेश अरुण शुक्ला व अन्य की याचिका पर दिए। इसके साथ ही अदालत ने मामले में राज्य सरकार और हेरिटेज नगर निगम से छह सप्ताह में जवाब मांगा है।

मामले से जुडे अधिवक्ता राजेश महर्षि ने बताया कि प्रार्थी कई सालों से बस्सी सीतारामपुरा में रह रहे थे। इस दौरान पिछली कांग्रेस सरकार ने प्रार्थियों को पट्टे जारी कर दिए, लेकिन इस साल हेरिटेज नगर निगम में शिकायत दर्ज हुई कि प्रार्थियों के पक्ष में जारी किए पट्टों में अनियमितताएं हुई हैं। इस आधार पर नगर निगम ने 7 अगस्त 2025 को एक पब्लिक नोटिस निकाला और इन पर आपत्तियां मांगी। बाद में आदेश जारी कर याचिकाकर्ताओं के पक्ष में जारी किए पट्टों को निरस्त कर दिया। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि नगर निगम ने पट्टा निरस्त करने में तय प्रक्रिया नहीं अपनाई है और नगर पालिका अधिनियम की धारा 73 बी के तहत उन्हें सुनवाई का मौका नहीं दिया है। हैरिटेज नगर निगम की यह कार्रवाई प्राकृतिक न्याय के प्रावधानों के भी खिलाफ है। इसलिए नगर निगम की ओर से उनके भूखंडों के पट्टे निरस्त करने के आदेश को रद्द किया जाए। एकलपीठ ने निगम के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगाकर अफसरो से जवाब मांगा।

# महर्षि दधीचि से प्रेरणा लेकर अंगदान के लिए लोग स्वयं आगे आएं : राज्यपाल

**जयपुर** । सीतापुरा में चल रही तीन दिवसीय "आईएसओटी 2025" कॉन्फ्रेंस में 22 देशों के 120 से अधिक विशेषज्ञों के व्याख्यान हो रहे हैं। जबकि करीब 1500 से अधिक ट्रांसप्लांट सर्जन्स और विशेषज्ञ इस कॉफ्रेंस में हिस्सा ले रहे है।

कार्यक्रम अध्यक्ष राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि हर साल देश में लाखों रोगियों को अंगों की आवश्यकता होने और उनकी अनुपलब्धता की वजह के मृत्यु का शिकार हो जाते है। हमें "महर्षि दधीचि" के देहदान के उदाहरण से प्रेरणा लेते हुए समाज में अपनों की जान बचाने के लिए अंगदान करने में आगे आना होगा।

आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. एम.एल. स्वर्णकार ने स्वागत संबोधन में कहा कि अंग प्रत्यारोपण में नीतिगत प्रयोग करने की अपील की।आयोजन सचिव डॉ. सूरज गोदारा ने बताया कि देश में हर साल 5 लाख रोगी अंगदान तथा अंग प्रत्यारोपण के अभाव में मौत



राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने सीतापुरा में तीन दिवसीय "आईएसओटी 2025" में शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

का शिकार हो जाते हैं, यह संख्या बढ़ रही है। हजारों की संख्या में दुर्घटनाओं में ब्रेन डेथ होने के बाद परिजनो द्वारा उनके गुर्दा, फेफड़े, आंत, लिवर, हृदय, त्वचा का दान किया जा सकता है। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रसन्ना वराले ने कहा कि सोटो कानून व्यवस्था के जरिए अंगदान और प्राप्त करने में अपराध की भूमिका पर अंकुश लगा है। उन्होंने बताया कि कानून में मानवीय संवेदनाओं और आवश्यकताओं का भी ध्यान रखा गया है। रक्त संबंधी अंगदाता की अनुपलब्धता होने पर अन्य रिश्तेदार भी विशेष मामलों में कानून तथा प्रशासन की मदद से अंगदान कर सकते है।

- **जयपुर में आयोजित "आईएसओटी-2025" कॉफ्रेंस में जुटे 22 देशों के 120 से अधिक विशेषज्ञ और 1500 से ज्यादा ट्रांसप्लांट सर्जन्स**

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा, भारतीय अंग प्रत्यारोपण सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ.अर्पिता रॉय चौधरी, सचिव डॉ.मनीष बलवानी तथा डॉ.सूरज गोदारा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉ.संजय कोल्टे, डॉ.वत्सला त्रिवेदी, डॉ.राकेश जोशी, डॉ.विवेक कुटे, डॉ.विनियेंद्र पामेचा, डॉ.चिराग दोशी, डॉ.संदीप अट्टावर, डॉ.आशीष शर्मा, डॉ.सुब्रह्मण्यम अय्यर, डॉ.दिलीप दादा को अंग प्रत्यारोपण में उल्लेखनीय सेवा सम्मान मिला। डॉ.जॉर्जी अब्राहम, डॉ.रविंद्र सबनिस, डॉ.नारायण प्रसाद तथा डॉ.प्रीति मीना को ऑरिशन अवॉर्ड से नवाजा।

# गोदाम निर्माण के लिए बड़े स्तर पर हो रहा भूमि का चिह्नीकरण

**जयपुर** (कासं)। राज्य में 2 से 15 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे 'सहकार सदस्यता अभियान' के अंतर्गत अन्य गतिविधियों के साथ ही भूमिविहीन सहकारी समितियों के लिए गोदाम निर्माण हेतु भूमि का चिह्नीकरण कर आवंटन करवाने की कार्यवाही भी एक प्रमुख गतिविधि के रूप में की जा रही है। अभियान के अंतर्गत बड़ी संख्या में समितियों द्वारा भूमि चिह्नीकरण की कार्यवाही कर आवंटन के लिए आवेदन किया जा चुका है। भूमि आवंटन हो जाने से इन समितियों में गोदाम के निर्माण की राह प्रशस्त होगी, जिससे राज्य की भण्डारण क्षमता में आशातीत वृद्धि होगी।

राज्य में ऐसी 1975 पैक्स एवं 42 केवीएसएस हैं, जो या तो भूमिविहीन हैं या फिर जिनके पास गोदाम निर्माण हेतु पर्याप्त भूमि नहीं है। अभियान के अंतर्गत पूरे मनोयोग से प्रयास कर अधिक से अधिक समितियों हेतु गोदाम निर्माण के लिए भूमि चिह्नीकरण कर आवंटन करवाने की कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक 1,145 पैक्स एवं 22 केवीएसएस द्वारा भूमि चिह्नीकरण की कार्यवाही सम्पन्न की जा चुकी है। वहीं, 1,112 पैक्स एवं 26 केवीएसएस द्वारा भूमि का आवंटन करवाने के लिए आवेदन किया गया है। इन समितियों को भूमि आवंटन की प्रक्रिया भी तेज गति से सम्पन्न करवाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि 'सहकार से समृद्धि' परिकल्पना के अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही विश्व की वृहत् अन्न भण्डारण योजना के तहत देश में भण्डारण क्षमता में वृद्धि पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है।

राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है जहां गोदाम निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा शत प्रतिशत अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। राज्य सरकार की इस नीति के चलते प्रदेश में सहकारी क्षेत्र में बड़े स्तर पर गोदामों का निर्माण हो रहा है। चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक राज्य की भण्डारण क्षमता में 1 लाख 61 हजार 500 मीट्रिक टन की वृद्धि का लक्ष्य है। अब अभियान के अंतर्गत भूमिविहीन समितियों को भी भूमि का आवंटन हो जाने से अधिक संख्या में गोदामों का निर्माण हो सकेगा, जिससे राज्य की भण्डारण क्षमता में तेजी से वृद्धि होगी।

# हरमाड़ा क्षेत्र में 35 लाख रु. के गहने लूटकर फरार हुए बदमाश

**जयपुर** । हरमाड़ा इलाके में कमीशन पर काम करने वाले एजेंट से 35 लाख रुपए के गहने लूटने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि एजेंट सोने के 5 हार लेकर ग्राहक बने लुटेरों को दिखाने गया था। बदमाशों ने पीड़ित को बातों में फंसाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित ने घटना के बाद पुलिस और मालिक को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और नाकेबंदी लगा दी गई है। बदमाशों की पहचान करने का प्रयास कर रहे है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि हरमाड़ा थाना इलाके में शनिवार की शाम को पीड़ित रितेश वर्मा निवासी हरमाड़ा ने कंट्रोल रूम को सूचना दी कि वह हरमाड़ा इलाके में ज्वैलरी लेकर गया था। जहां उसके साथ लूट की वारदात हुई। सूचना मिलने पर पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा और पीड़ित रितेश वर्मा से घटना को लेकर जानकारी ली, जिसके बाद पीड़ित द्वारा बताए गए घर की तलाशी ली और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। थानाधिकारी उदयसिंह यादव ने बताया कि पीड़ित रितेश वर्मा ने मामला दर्ज करवाया है कि पिछले कुछ दिनों से अमित जांगिड़ नाम का व्यक्ति उसे सोने के हार दिखाने के लिए बोल रहा था। जिस पर शनिवार को बाजार में अधिक काम नहीं होने के कारण वह सुबह ज्वेलर्स के यहां गया और 5 सोने के हार लेकर आरोपित द्वारा बताए गए पते बालाजी कॉलोनी में पहुंचा।

मौके पर अमित जांगिड़ मिला और वह उसे लेकर एक मकान में गया। जहां पर अमित और कुछ और लोग भी पहले से मौजूद थे। इन बदमाशों ने हार दिखाने के लिए कहा, जिसके बाद पीड़ित ने बैग में रखे हुए पांच हार निकाले और आरोपियों को दिखाना शुरू किया। इस दौरान आरोपित ने एक-एक हार की कीमत पूछी और पर्ची पर लिखना शुरू किया। कुछ देर में आरोपियों ने उससे कहा कि वह बैग छोड़कर यहां से चला जा। जिस पर पीड़ित ने उन्हें समझाया कि वह कमीशन पर काम करता है। लेकिन बदमाशों ने उसकी एक न सुनी और उसके साथ मारपीट करने लगे। जहां शोर-शराबा होने पर कॉलोनी के लोग एकत्रित हो गए। लोगों को एकत्रित होता देख कर बदमाश मौके से भाग निकले।

# गांधी पथ पर 80 फीट रोड से हटाए अतिक्रमण






जयपुर विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना में शनिवार को वैशाली नगर इलाके में गांधीपथ पश्चिम से लालरपुरा की ओर जा रही 80 फीट सेक्टर रोड सीमा में आ रहे स्थायी-अस्थायी अतिक्रमण ध्वस्त किए। उप महानिरीक्षक पुलिस राहुल कोटोकी ने बताया कि राजस्थान हाईकोर्ट के निर्देश पर जेडीए प्रशासन ने शनिवार को पृथ्वीराज नगर उत्तर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। गांधीपथ पश्चिम, लालरपुरा 80 फीट सेक्टर रोड सीमा में आ रहे स्थाई-अस्थाई अतिक्रमणों जैसे दुकाने, मकान, चबूतरे, टीनशेड, बालकनी, बाउण्ड्रीवाल, गेट, जालियां तथा सीढ़ियों को जेसीबी मशीन और मजदूरों की मदद से हटाया गया। कुछ भू-स्वामियों और व्यापारियों ने स्वयं के स्तर पर अतिक्रमण हटा लिए। फोटो-राष्ट्रदूत